राजस्थान सरकार
सूचना एवं जन सम्पर्क कार्यालय, जैसलमेर
फोन : 02992-252377

Email - dipr.jaisalmer@rajasthan.gov.in
Web Site - www.dipr.rajasthan.gov.in

प्रेस नोट 28 मई 2020, गुरुवार

अल्पसंख्यक मामलात मंत्री ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा,
भणियाणा में ली अधिकारियों की बैठक,
पानी–बिजली और लोक स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की,
पेयजल मुहैया कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता – शाले मोहम्मद

जैसलमेर, 28 मई/अल्पसंख्यक मामलात, वक्फ एवं जन अभियोग निराकरण मंत्री शाले मोहम्मद ने आम जन से सीधे तौर पर जुड़ी लोक सेवाओं और सुविधाओं से जुड़े विभागों के अधिकारियों से मौजूदा भीषण गर्मी के मद्देनज़र पानी–बिजली और अन्य तमाम जरूरी सेवाओं की आपूर्ति सुचारू बनाए रखने तथा इनसे संबंधित समस्याओं के तत्काल समाधान के लिए कहा है।

अल्पसंख्यक मामलात मंत्री शाले मोहम्मद ने गुरुवार को जैसलमेर जिले के भणियाणा उपखण्ड मुख्यालय पर आधारभूत जन आवश्यकताओं वाले विभागों के अधिकारियों की बैठक में यह निर्देश दिए। बैठक में सहायक निदेशक (लोक सेवाएं) भारतभूषण गोयल, उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी, पेयजल, बिजली, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभागीय अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

केबिनेट मंत्री शाले मोहम्मद ने क्षेत्रा भर में पानी–बिजली और आम ग्रामीणों के लिए जरूरी लोक सेवाओं तथा सरकारी सुविधाओं से संबंधित योजनाओं, कार्यक्रमों तथा संचालित गतिविधियों की बिन्दुवार समीक्षा की और अधिकारियों को गंभीरता से काम करने के निर्देश दिए।

उन्होंने भीषण गर्मी के दौर में ग्रामीण अंचलों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया और कहा कि इस दिशा में हर स्तर पर सक्रियता और गंभीरता से कार्य संपादन करने की आवश्यकता है ताकि ग्रामीणों को पानी के लिए परेशानी न उठानी पड़े। इसके लिए जल योजनाओं के सुचारू संचालन, हैण्डपंपों की मरम्मत तथा पेयजल योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को अच्छी तरह सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि फील्ड मशीनरी को ज्यादा से ज्यादा सक्रिय किए जाने और क्षेत्रीय भ्रमणों पर अधिक ध्यान दिए जाने के निर्देश देते हुए मंत्री ने कहा कि पानी–बिजली से संबंधित शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए नियंत्राण कक्षों की सेवाओं को प्रभावी बनाएं।

उन्होंने सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों को तेजी से निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए और कहा कि इस बारे में अधिकारी विभागीय स्तर पर गंभीरता अपनाएं। शाले मोहम्मद ने कोरोना संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम के उपायों से संबंधित गतिविधियों पर जानकारी ली और कहा कि इस दिशा में सभी संभव उपायों को अपनाया जाना चाहिए। मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग पर विशेष ध्यान रखे जाने के बारे में ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष जोर दिया जाना चाहिए। इसके लिए व्यापक लोक जागरण जरूरी है। केबिनेट मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा समाधान का आश्वासन दिया।

–––000–––

जैसलमेर - कोरोना पोजिटीव 9 जने स्वस्थ होकर लौटे अपने घर, नेगेटिव रिपोर्ट आने के बाद माहेश्वरी अस्पताल कोरोना सेंटर से किया डिस्चार्ज, जिला कलक्टर नमित मेहता एवं चिकित्सा अधिकारियों ने खुशी-खुशी किया विदा

जैसलमेर, **28** मई/जैसलमेर जिले के विभिन्न क्षेत्रों के कोरोना संक्रमितों में से माहेश्वरी हॉस्पिटल कोरोना सेंटर में ईलाज के बाद नेगेटिव होने पर **9** जनों को अस्पताल से डिस्चार्ज कर उन्हें अपने घरों के लिए रवाना किया गया।

गुरुवार शाम जिला कलक्टर नमित मेहता ने कोरोना संक्रमण से मुक्त होकर स्वस्थ हुए लोगों से बातचीत की और स्वस्थ होने पर शुभकामनाएं देते हुए घर पहुंचने के बाद चिकित्साधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों का पूरी तरह पालन करने की हिदायत दी।

जिला कलक्टर ने स्वस्थ होकर अपने परिवार के साथ घर लौट रही नन्हीं बच्ची को चॉकलेट दी और स्नेह जताया। जिला कलक्टर ने अन्य स्वस्थ हुए लोगों को आयुर्वेद विभाग द्वारा निर्धारित क्वाथ व औषधियों के पैकेट वितरित किए।

इस अवसर पर नगर परिषद आयुक्त बृजेश राय, चिकित्सा विभागीय जिला प्रभारी डॉ. देवेन्द्र सौंधी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.के. बारूपाल, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.एल. बुनकर, डॉ. रेवताराम पंवार, प्रभारी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामनरेश शर्मा, आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. चम्पा सोलंकी, डॉ. कविता मीणा, डॉ. गोपेश सागर, ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी बलवीर तिवारी, वरिष्ठ अध्यापक पद्मसिंह राठौड़, मेल नर्स राजू चौधरी आदि उपस्थित थे।

सभी उपस्थितजनों से माहेश्वरी हॉस्पिटल से कोरोना को मात देकर स्वस्थ होकर घर लौट रहे व्यक्तियों को फूलमाला पहनायी और करतल ध्वनि से विदा किया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.के. बारूपाल ने बताया कि जिन **9** जनों को नेगेटिव आ जाने पर स्वस्थ होने से अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया है, उनमें सिपला और कनोई के **3-3**, मोहनगढ़ के **2** तथा रामा गांव का एक व्यक्ति शामिल है।

---000---

जैसलमेर - गुरुवार को 221 रिपोर्ट प्राप्त, सभी नेगेटिव, गुरुवार को 295 सेम्पल लेकर जांच के लिए भिजवाए

जैसलमेर, **28** मई/ जैसलमेर जिले से पूर्व में भिजवाए गए सैंपल्स में **221** की रिपोर्ट गुरुवार को प्राप्त हुई। प्राप्त सभी रिपोर्ट नेगेटिव आयी है। जिले से गुरुवार शाम तक कुल **295** जनों के सैंपल लेकर जांच के लिए भिजवाए गए हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.के. बारूपाल ने बताया कि आरंभ से लेकर अब तक जैसलमेर जिले में **5** हजार **418** सैंपल लेकर जांच के लिए भिजवाए गए। इनमें **4** हजार **941**

की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। इनमें अब तक 68 पोजिटीव आए हैं तथा 4 हजार 873 जनों के सेंपल कोरोना जांच में नेगेटिव आए हैं।

---000---

जिला कलक्टर ने जिलाधिकारियों की बैठक में की समीक्षा,

ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्याओं का युद्धस्तर पर निराकरण करने के निर्देश

जैसलमेर, 28 मई/जिला कलक्टर नमित मेहता ने गुरुवार शाम जिलाधिकारियों की बैठक ली और इसमें कोविड-19 से संबंधित गतिविधियों के साथ ही जिले में पेयजल प्रबन्धों के निरीक्षण के बारे में चर्चा की और फीडबेक लिया तथा इस बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण में सामने आई समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए ठोस योजना के साथ काम किया जाएगा।

----000---

जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देश पर गुरुवार को दिन भर चला अभियान,

प्रशासनिक और विभागीय अधिकारियों ने किया ग्राम्यांचलों का सघन दौरा,

जानी पेयजल प्रबन्धों की जमीनी हकीकत, ग्रामीणों से लिया फीडबेक,

पशु चारे व पशुओं के लिए जल व्यवस्था की भी ली जानकारी,

पेयजल स्रोतों और जलापूर्ति से जुड़ी समस्याओं को देखा और समाधान की कार्यवाही की

जैसलमेर, 28 मई/जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देश पर गुरुवार को दिन भर प्रशासनिक और विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया और पेयजल से जुड़े प्रबन्धों व पेयजल वितरण

गतिविधियों का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा समस्याओं तथा समाधान के प्रयासों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इसके साथ ही पशुओं के लिए चारे की समस्या और इससे संंबंधित जरूरी प्रबन्धों के बारे में भी जानकारी ली।

इस दौरान जिले के **17** वरिष्ठ प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का सघन दौरा किया और भीषण गर्मी के बावजूद जल स्रोतों, जलापूर्ति प्रबन्धन तंत्र, पाईप लाईन्स, पानी की टंकियों की स्थिति, इनकी साफ-सफाई, टंकियों से जल वितरण, ट्यूब वैल्स, हैण्डपम्पों आदि की स्थिति को अपनी आँखों से देखा तथा इसके बारे में वास्तविक जानकारी पायी।

ग्रामीणों से चर्चा कर जानी समस्याएं

प्रत्येक अधिकारी ने अपने को आवंटित तीन ग्राम पंचायत क्षेत्रों में पानी की स्थिति के बारे में जमीनी हकीकत जानी और रिपोर्ट तैयार की। इन सभी अधिकारियों ने जिले की **51** ग्राम पंचायतों में दिन भर भ्रमण कर पेयजल व्यवस्था के बारे में जानकारी ली और ग्रामीणों से फीडबेक भी लिया।

इन अधिकारियों ने न केवल समस्याओं की जानकारी ली बल्कि जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभागीय अधिकारियों तथा क्षेत्रीय ग्रामीणों से भी इस बात की चर्चा की और समस्याओं के निराकरण के बारे में व्यावहारिक समाधान को लेकर बातचीत भी की। विभिन्न स्थानों पर संचालित आरओ प्लान्ट का भी इन अधिकारियों ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण अधिकारियों ने पेयजल स्रोतों के नमूने भी लिए और पानी का स्वाद लेकर इसकी गुणवत्ता के बारे में भी निरीक्षण किया। इन अधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों की बैठकें भी ली और पेयजल तथा पशु चारे के बारे में चर्चा की।

इन्होंने किया निरीक्षण

अतिरिक्त आयुक्त उप निवेशन दुर्गेश बिस्सा, यूआईटी सचिव अनुराग भार्गव, अतिरिक्त जिला कलक्टर ओपी विश्नोई, मुख्य कार्यकारी अधिकारी ओमप्रकाश, उपायुक्त उप निवेशन देवाराम सुथार, सहायक निदेशक(लोक सेवाएं) भारतभूषण गोयल, जिले के सभी उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, विकास अधिकारी आदि ने जिले में ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर व्यापक निरीक्षण किया। जैसलमेर शहरी क्षेत्र के सूली डूंगर जलसंग्रह टेंक्स व जलस्रोतों की जांच नगर परिषद आयुक्त बृजेश राय ने की।

जल समस्याओं का त्वरित निस्तारण होगा

जिला कलक्टर नमित मेहता ने बताया कि अधिकारियों द्वारा किए गए व्यापक निरीक्षण की रिपोर्ट के आधार पर जिले की पेयजल समस्याओं का जल्द से जल्द युद्धस्तर पर निराकरण किया जाएगा।

---000---